भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 3653

उत्तर देने की तारीख- 02/04/2025

आंध्र प्रदेश के लांबासिंगी में जनजातीय संग्रहालय के लिए सरकार की स्वीकृति

3653 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश के लांबासिंगी में जनजातीय संग्रहालय के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है;

(ख) क्या यह सच है कि परियोजना की लागत 35 करोड़ रुपये है, लेकिन अब तक केवल 9 करोड़ रुपये ही जारी और खर्च किए गए हैं;

(ग) परियोजना के पूरा होने की लक्षित तिथि क्या है और क्या परियोजना लक्षित तिथि पर पूरी हो जाएगी; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (घ): जनजातीय कार्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश के लांबासिंगी में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय (टीएफएफएम) की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना "जनजातीय अनुसंधान संस्थान(ओं) को सहायता" योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है। परियोजना की कुल लागत 45.00 करोड़ रुपये है, जिसमें जनजातीय कार्य मंत्रालय का योगदान 25.00 करोड़ रुपये है। जैसा कि सूचित किया गया है, आंध्र प्रदेश सरकार अक्टूबर, 2025 के अंत तक परियोजना को पूरा करने के लिए कदम उठा रही है।

*****